तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



3 टोकन नहीं कटने से फिर भड़का किसानों का आक्रोश, किया राष्ट्रीय राजमार्ग जाम




## खबर संक्षेप

### 9 करोड़ की लागत से होगा पुल निर्माण

**मनेन्द्रगढ़।** पाराडोल से तेंदुडांड मार्ग पर हसदेव नदी पर पुल निर्माण की बहुप्रतीक्षित योजना को शासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। इस पुल का निर्माण 9 करोड़ 11 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा। पुल के निर्माण से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और आम जनता को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। इस पुल के बन जाने से आसपास के कई गांवों की दूरी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से काफी कम हो जाएगी। वर्तमान में लोगों को रायपुर मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, लेकिन पुल के निर्माण के बाद लगभग 9 किमी की दूरी कम हो जाएगी, इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि ईंधन और परिवहन खर्च में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरूण साव के प्रति मनेन्द्रगढ़ की समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है।

### मनरेगा कार्यों को दो माह में पूर्ण करने के निर्देश

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत स्वीकृत सभी प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले में कार्यरत सभी निर्माण एजेंसियों को आगामी दो माह के भीतर समस्त प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के आदेश दिए हैं। जिले की दोनों जनपद पंचायतों में वर्तमान में कुल 1061 मनरेगा कार्य प्रगतिरत हैं, जिनमें प्रतिदिन औसतन 12 हजार पंजीकृत श्रमिक कार्य कर रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार पौधरोपण एवं नर्सरी जैसे बहुवर्षीय कार्य, जिनकी संधारण अवधि पूर्ण नहीं हुई है, उन्हें इस समय-सीमा से पृथक रखा गया है। शेष सभी कार्यों के लिए पूर्णता प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि सभी विभागों को कार्ययोजना बनाकर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी व्यक्तिमूलक मनरेगा कार्यों को 15 मार्च 2026 तक पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 को

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस संपूर्ण भारत में मनाया जाता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोरिया जिले भी में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया द्वारा परिपत्र जारी कर सूचना दी गई है। जारी परिपत्र के अनुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टरेट सभाकक्ष, बैकुंठपुर में सभी शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रातः 11 बजे उपस्थित होने का निर्देश दिए गए हैं।

### 26 को जिले में रहेगा शुष्क दिवस

**बैकुण्ठपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को कोरिया जिले में शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने छग आबकारी अधिनियम 1915 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 26 जनवरी को जिले की समस्त देशी, विदेशी एवं कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकानें, एफएल 3(ग) पर्यटन बार, एफएल 4(क) व्यवसायिक क्लब तथा सभी अहाते पूर्णतः बंद रहेंगे।

### एसडीएम ने दुकान संचालक को जारी किया नोटिस, मांगा जबाव

# पीडीएस दुकान में धांधली, कार्रवाई की मांग को लेकर हितग्राही पहुंचे कलेक्टर दफ्तर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम जामपारा के दर्जनों हितग्राहियों ने ग्राम स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के राशन वितरण प्रणाली में धांधली एवं संचालक पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत कर उचित कार्रवाई करने की मांग की।

ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त शिकायत जनदर्शन में प्रस्तुत कर बताया कि जामपारा में शंकर महिला स्वयं सहायता समूह को उचित मूल्य दुकान संचालन करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसका संचालन दीपक द्वारा किया जाता है, उनके द्वारा कई तरह की अनियमिता की जाती है। शिकायत में बताया कि उचित मूल्य दुकान जामपारा के संचालक द्वारा बायोमेट्रिक लगवाकर राशन नहीं दिया जाता, कई हितग्रहियों को पिछले 4 माह से राशन नहीं मिला है। राशन मांगने पर स्टॉक नहीं होने की बात कर अगले माह आने को कहा जाता है। वहीं दुकान खुलने का कोई निश्चित समय नहीं है। अक्सर दुकान दोपहर 3 बजे खोली जाती है और राशन वितरण रात के 8 से 9 बजे तक चलता है, इसके चलते महिला हितग्राहियों को दिन में काम छोड़कर दिनभर दुकान में भूखे प्यासे बैठना पड़ता है, इससे मानसिक परेशानी होती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त संचालक समूह को हटाकर दुकान का प्रभार किसी अन्य समूह को सौंपने की मांग की।

### शिकायत पर संचालक को नोटिस जारी

शहर से लगे ग्राम जामपारा स्थित उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण में लापरवाही के मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर द्वारा उचित मूल्य दुकान संचालक को नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं। जारी नोटिस का संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं होने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। जारी नोटिस के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर उमेश पटेल ने उल्लेख किया है कि शिकायत है कि उचित मूल्य दुकान जामपारा द्वारा हितग्राहियों का बायोमेट्रिक लगाकर राशन न दिया जाना, हितग्राही राशन मांगते हैं तो स्टाक में नहीं होना कहा जाता है और अगले महीने के लिए टाल दी जाती है। दुकान खोलने का कोई सही समय नहीं है, इससे महिलाओं एवं ग्रामीणों को दिनभर भूखे प्यासे बैठना पड़ता है यह कृत्य छग सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण 2016 की कंडिका 5 24, 27,11 2, 3,4,5, 8 का उल्लंघन है जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 7 के अधीन दण्डनीय अपराध है। उचित मूल्य संचालक को दो दिवस में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं, जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी। छग सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण 2016 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लंघन किए जाने से निलंबन की कार्रवाई करने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# मातृ मृत्यु और शिशु स्वास्थ्य सुधार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में त्रि-दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) कम करना और एलबीडब्ल्यू (कम वजन वाले शिशु) शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना है।

■ जिपं के ऑडिटोरियम में त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, यूनिसेफ राज्य सलाहकार डॉ. अक्षय तिवारी एवं डॉ. प्रीतम राय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, महिला बाल विकास विभाग, नीति आयोग और प्रशिक्षण शाखा के अधिकारी तथा अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की मृत्यु के कारणों और उनके समाधान पर चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि मातृ स्वास्थ्य सुधारने के लिए समाज, परिवार और समुदाय को मिलकर काम करना होगा। प्रशिक्षण में गांवों में समितियों का गठन, पोषण पर ध्यान, एंटीनेटल केयर की गुणवत्ता बढ़ाना और समय पर स्वास्थ्य निगरानी पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में महिला पोषण, विटामिन्स, फोलिक एसिड, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की आवश्यकता और एलबीडब्ल्यू शिशुओं के जोखिम कम करने के उपाय पर ध्यान केन्द्रित किया गया। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान और नियमित परामर्श के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुपोषण को हर स्तर पर दूर करने की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने महिलाओं की सेहत और एनीमिया रोकने के लिए सुपोषण और पोषणयुक्त आहार पर विशेष जोर दिया, ताकि जन्म लेने वाले शिशु स्वस्थ और सही वजन के साथ जन्म लें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने कहा कि यह त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने में अत्यंत मददगार साबित होगी। उन्होंने कम वजन वाले जन्म दर को कम करने में स्वास्थ्यकर्मी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

# धान खरीदी घोटाले के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



जनकपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा धान खरीदी केन्द्र जनकपुर में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। सांसद प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकुर प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी ने धान खरीदी केन्द्र की समिति प्रबंधक पर चूहा मार दवा देकर लगभग 7 करोड़ रूपए मूल्य की धान चोरी जैसी गंभीर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए कड़ा आक्रोश व्यक्त किया।

■ 7 करोड़ की धान चोरी का आरोप

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में इस प्रकार की लापरवाही या साजिश न केवल किसानों के साथ धोखा है, बल्कि शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि चूहा मार दवा डालकर धान को खराब दिखाना और फिर उसकी हेराफेरी करना एक सोची-समझी साजिश प्रतीत होती है, जिसकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, धान घोटाले की पूरी राशि की वसूली तथा किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अवधेश सिंह, संजीव गुप्ता, मनोज राय, रीनू, शिवम, वकील सहित काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि कांग्रेस किसानों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी और किसी भी कीमत पर किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला का साक्षात्कार 29 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के द्वारा 29, 30 एवं 31 जनवरी को स्थान शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी की लगभग 15000 पदों में चयन के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। राज्य स्तरीय रोजगार मेला में कोरिया जिले के आवेदकों का साक्षात्कार 29 जनवरी को किया जाएगा। उक्त मेला में सहभागिता के लिए ऑनलाईन पोर्टल में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला में पंजीयन दोनों आवश्यक है। अतः ऐसे आवेदक जिन्होंने ऑनलईल पोर्टल में रोजगार पंजीयन नहीं करवाया है वे पोर्टल में अपना पंजीयन कर मेला में सम्मिलित होने के लिए पंजीयन कर सकते हैं। 29 जनवरी को अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साईज फोटो, पहचान पत्र इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर मेला में भाग ले सकते हैं।

# मतदाता सूची से नाम विलोपन के नियम विरूद्ध आवेदनों पर कांग्रेस का विरोध, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 4, 5 एवं 6 सहित अन्य वार्डों में मतदाता सूची से नाम विलोपन के लिए नियम विरूद्ध एवं संदेहास्पद आवेदनों का मामला सामने आया है। इस गंभीर विषय को लेकर कांग्रेस, प्रतिनिधिमंडल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनेन्द्रगढ़ को ज्ञापन सौंपकर तत्काल जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की गई।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि केवल चार व्यक्तियों द्वारा सैकड़ों मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए आवेदन दिया जाना निर्वाचन नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। यह सीधे तौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं मताधिकार पर हमला है, जिसे कांग्रेस किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल ने कहा कि यदि समय रहते इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं की गई तो आम नागरिकों का लोकतंत्र से विश्वास कमजोर होगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी एवं पूर्व उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी ने कहा कि प्रशासन को नियम विरूद्ध आवेदनों को तत्काल निरस्त कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची से छेड़छाड़ किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ शहर सौरव मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन नियमों के अनुसार एक व्यक्ति सीमित संख्या में ही आपत्ति दर्ज कर सकता है, इसके विपरीत सामूहिक विलोपन का प्रयास लोकतंत्र को प्रभावित करने का षड़यंत्र है। ब्लॉक अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण रामनरेश पटेल ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के ⏭ शेष पेज 4 पर

## दोहरा गांव में स्वास्थ्य शिविर, 75 ग्रामीणों की जांच

**डोमनहिल।** चिरमिरी क्षेत्र के नॉर्थ चिरमिरी कॉलरी के फाइनल माइन क्लोजर प्लान के तहत ग्राम दोहरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन उप-क्षेत्र प्रबंधक अरूण चौहान के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बिराजी के नेतृत्व में किया गया।



स्वास्थ्य शिविर में जरूरतमंद ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। महिलाओं को मासिक धर्म एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों की भी स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाएं दी गइं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिराजी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 75 लाभार्थियों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

## बंजारीडांड गढ़तर में आयुष स्वास्थ्य शिविर



**बैकुण्ठपुर।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. एलवीना ग्रेस टोप्पो के निर्देश निर्देशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंजारीडांड में 17 जनवरी को गढ़तर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.ममता सिंह सेंगर, फार्मासिस्ट प्रशांत कुमार, वार्ड बॉय रमेश कुमार द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविर के दौरान ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई तथा मौसमी व सामान्य रोगों के लिए निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया साथ ही संतुलित आहार दिनचर्या ऋतुचार्य एवं स्वास्थ्य जीवनशैली अपने संबंधी परामर्श भी दिया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 45 लाभार्थियों ने आयुष सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

### नियमों की खुलेआम अनदेखी

# सब्जी मंडी बदहाली का शिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नगर पालिका परिषद द्वारा आमजन को व्यापार-व्यवसाय के उद्देश्य से निर्मित कर आवंटित की गई दुकानों का उपयोग अब मनमर्जी और नियम विहीन तरीके से किया जा रहा है। स्थिति यह है कि नगर पालिका के ही किरायेदार नियमों को ताक पर रखकर न केवल दुकानों का गलत उपयोग कर रहे हैं, बल्कि कई मामलों में दुकानों को अवैध रूप से आगे किराए पर भी चढ़ा दिया गया है, जो स्पष्ट रूप से पालिका नियमों का उल्लंघन है।

जानकारी के अनुसार जिन दुकानों को छोटे व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं को रोजगार के उद्देश्य से आवंटित किया गया था, उनमें से कई दुकानों को अब गोदाम बना दिया गया है, इससे न सिर्फ बाजार की मूल अवधारणा समाप्त हो रही है, बल्कि आम नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दुकानदारों द्वारा नालियों पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है और गंदगी बढ़ती जा रही है। सबसे चिंताजनक स्थिति नगर की सब्जी मंडी की है। मनेन्द्रगढ़ संभवतः देश की उन गिनी-चुनी, बल्कि कहा जाए तो पहली ऐसी सब्जी मंडी बनती जा रही है, जहां सब्जियों के साथ-साथ मुर्गा, मछली और मांस की खुलेआम बिक्री हो रही है। इससे पूरे क्षेत्र में दुर्गन्ध फैली रहती है। मांस-मछली की बदबू के कारण खासकर महिलाएं और बुजुर्ग इस मंडी में आना पसंद नहीं कर रहे हैं, जिससे सब्जी विक्रेताओं का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सब्जी मंडी का उद्देश्य स्वच्छ वातावरण में ताजा सब्जियों की बिक्री था, लेकिन वर्तमान में यह स्थान अव्यवस्था, गंदगी और अतिक्रमण का केन्द्र बन चुका है। नालियों में जमा कचरा, दुकानों के सामने फैला सामान और मांस-मछली का अपशिष्ट स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। बावजूद इसके नगर पालिका द्वारा न तो नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और न ही नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। प्रश्न यह भी उठता है कि जिन दुकानों को आगे किराए पर चढ़ाया गया है, उनकी जानकारी नगर पालिका को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों ⏭ शेष पेज 4 पर


### अभ्यर्थियों को तय निर्देशों का करना होगा पालन

# 1 फरवरी को दो पालियों में होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा 1 फरवरी को छग शिक्षक पात्रता परीक्षा-26 का आयोजन राज्य के 20 जिलों में दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए तथा द्वितीय पाली में माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 से 12.15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश प्रातः 9 बजे के बाद वर्जित रहेगा।

वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 से 5.45 बजे तक होगी, जिसमें अभ्यर्थियों को दोपहर 2.30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने व्यापम के दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों में भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड द्वारा जैमर लगाए जाएंगे। जैमर के संचालन के लिए प्रत्येक केन्द्र में बीईएल का एक कर्मचारी तैनात रहेगा। साथ ही जिला स्तर पर उप पुलिस अधीक्षक या उससे वरिष्ठ अधिकारी को पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा केन्द्रों में सभी अभ्यर्थियों की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर एवं शारीरिक तलाशी (फ्रिस्किंग) की जाएगी। प्रत्येक केन्द्र में एक पुरूष एवं एक महिला पुलिस कर्मी की ड्यूटी रहेगी। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला पुलिस कर्मी द्वारा पृथक कक्ष में ही कराई जाएगी। दोनों पालियों में अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग अलग-अलग की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी परीक्षा केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर पर्याप्त फर्नीचर, प्रकाश, पेयजल, वॉशरूम, पार्किंग, दीवार घड़ी एवं इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परीक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक 10 परीक्षा केन्द्रों पर तीन सदस्यीय उड़नदस्ता दल गठित किया जाएगा, जिसमें एक पुलिस कर्मी का शामिल होना अनिवार्य होगा। कोरिया जिले में प्रथम पाली के लिए 9 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 2 हजार 709 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं, जबकि द्वितीय पाली में 3 हजार 746 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अवलोकन कर लें, परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व केन्द्र पहुंचें ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति होगी। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उठारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर के लिए हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर आना होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आना होगा।



# अजय ने की एआई निर्मित फिल्म बाल तान्हाजी की घोषणा

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपनी एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक एआई निर्मित फिल्म होगी। अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजीः द अनंसग' वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि, अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तान्हाजी' की घोषणा की है। 2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तान्हाजी' इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी।

## लाइफ Style


# श्रद्धा

## मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने मजेदार कैप्शन लिखा है, जिस पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। श्रद्धा अपने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फनी कैप्शन लिखने के लिए जानी जाती हैं।

सोमवार को एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ ऐसी बात लिखी है कि उनके फैंस और नेटिजन्स हंसी नहीं रोक पा रहे। दरअसल, श्रद्धा कपूर आज सोमवार को रविवार का लुत्फ उठा रही हैं। रविवार मनाने की जगह श्रद्धा सोमवार को रविवार की छुट्टी मना रही थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी दो फोटोज शेयर की हैं, जिनमें मैसी लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे?' श्रद्धा कपूर के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के कमेंट्स की झड़ी लग गई है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर हम स्त्री जी का क्या ही बिगाड़ लेंगे'। एक यूजर ने लिखा, 'हम भी संडे मना लेंगे, लेकिन आज वैसे मंडे ही है'। कुछ यूजर्स सवाल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'इतना एआई देख लिया कि अब सब एआई लगता है'। इस पर श्रद्धा ने जवाब दिया है, 'जब सब एआई है तो कुछ एआई नहीं है'। एक यूजर ने लिखा, 'आज मेरा फ्राईडे है'। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'आपने लाइफ क्रैक कर ली है। बधाई हो'। एक यूजर ने लिखा, 'उदयपुर आओ, बताता हूं'। श्रद्धा ने लिखा है, 'आ रही हूं।



## हॉलीवुड मसाला



# टिमोथी से कर ली सीक्रेट शादी

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों काईली जेनर और टिमोथी चालमेट के रिश्ते को लेकर खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में दोनों ने एक साथ गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में एक साथ शिरकत की। इस दौरान सभी की नजरें इस कपल पर ही आकर ठहरीं। वैसे भी दोनों अपने रिश्ते को जगजाहिर कर चुके हैं। हालांकि, अब खबरें आ रही हैं कि टिमोथी और काईली शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दरअसल, हाल ही में जब दोनों स्टार्स गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में पहुंचे तो यहां पर दोनों ने एक दूसरे को किस किया और इसके बाद से दुनियाभर में इस कपल की चर्चा हुई।




# नए सस्पेंस और थ्रिल के साथ लौट रहीं जेंडाया...

**नई दिल्ली।** जिस वेब सीरीज ने जेंडाया को 2 एमी अवॉर्ड्स, एक क्रिटिक्स च्वॉइस अवॉर्ड और एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड दिलाया है, उस वेब सीरीज के नए सीजन से एक बार फिर हॉलीवुड एक्ट्रेस धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। हम बात कर रहे हैं टॉप रेटेड साइकोलॉजिकल ड्रामा यूफोरिया की जिसका नया सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। चार साल बाद हॉलीवुड सीरीज यूफोरिया सीजन 3 रिलीज होने जा रहा है। यह एक साइकोलॉजिकल ड्रामा है जिसमें जेंडाया ने मुख्य भूमिका निभाई है। अब सीरीज में नए पहलू के साथ जेंडाया की वापसी हुई है। यूफोरिया सीजन 3 का ट्रेलर जारी किया गया है जो सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर है। सीजन 3 की कहानी जेंडाया और बाकी बच्चों के एडल्टहुड के इर्द-गिर्द घूमने वाली है।



# पुष्पा-2 हुई जापान में रिलीज, मिले तोहफे

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया।



# भगवान खाटू श्याम पर बन गई है फिल्म

**मुंबई।** नीम करोली बाबा पर एआई की मदद से कई भाषाओं में सीरीज बन रही है और इसी बीच भगवान खाटू श्याम पर एआई से पहली फिल्म बनाई गई है। सिंगर कन्हैया मित्तल ने इसे बनाया है और कुछ दिन पहले टीजर भी रिलीज किया था। सिंगर कन्हैया लाल मित्तल, 7 साल की उम्र से भजन गा रहे थे और भगवान खाटू श्याम को बहुत मानते हैं। इस फिल्म के जरिए खाटू श्याम भगवान की कथाओं के अलावा कई और चीजों के बारे में बताया जाएगा। दो हफ्ते पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसका नाम 'जय जय बाबा श्याम' रखा गया है। खाटू श्याम भगवान पर बनी एआई फिल्म के जरिए यह बताना चाहते थे कि उनका पिछला जन्म कैसा था, उनका पुनर्जन्म, उनकी कथाएं और साथ ही ये कि क्यों खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है।

## टीवी मसाला

# पता नहीं लौटूंगी या नहीं, नेहा ने अचानक काम से बनाई दूरी

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने फैंस को चौंका दिया है और उन्होंने घोषणा की है कि वो कुछ दिनों के लिए काम से ब्रेक ले रही हैं। इतना ही नहीं, नेहा ने अपनी पर्सनल लाइफ की दिक्कतों को लेकर भी हिंट दिया है और कहा कि वो रिश्तों से भी ब्रेक पर हैं। 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने अचानक फैंस को चौंका दिया है। अपने गाने 'कैंडी शॉप' को लेकर कुछ ही हफ्तों तक जमकर ट्रोलिंग और आलोचना झेलने के बाद नेहा कक्कड़ ने घोषणा की है कि वह कुछ समय के लिए लाइमलाइट से दूर रहेंगी। सिंगर ने बताया कि वह अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ, यहां तक कि 'रिश्तों' से भी ब्रेक ले रही हैं, और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि वह वापसी करेंगी या नहीं। सोमवार को नेहा कक्कड़ ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर घोषणा की कि वह 'जिम्मेदारियों, रिश्तों और काम' से ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'अब जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम और उन सभी चीजों से कुछ समय के लिए ब्रेक लेने का समय है जिनके बारे में मैं अभी सोच सकती हूं। पता नहीं मैं वापस आऊंगी या नहीं। धन्यवाद। उन्होंने एक बार फिर पोस्ट करके पपाराजी से अनुरोध किया कि वे उनकी वीडियो न बनाएं। उन्होंने लिखा, 'मैं पपाराजी और फैंस से अनुरोध करती हूं कि वे मेरी वीडियो न बनाएं। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी निजता का सम्मान करेंगे और मुझे इस दुनिया में स्वतंत्र तरीके से जीने देंगे। कृपया कैमरे न लगाएं। मेरा आपसे अनुरोध है। मेरी शांति के लिए आप सब इतना तो कर ही सकते हैं।'



## जूनियर क्रिकेटर्स को धमकाते थे युवराज

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड का झलक दिख चुकी है और इसमें क्रिकेटर्स वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ और युवराज सिंह नजर आने वाले हैं। तीनों ने अपनी जिंदगी के मजेदार किस्से सुनाए। युवराज सिंह और सहवाग की बातें तो आपको लोटपोट कर देंगी। ' कपिल ने युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ के क्रिकेट सफर की भी तारीफ की। बाद में, कॉमेडियन ने युवराज से जूनियर क्रिकेटरों को धमकाने के आरोपों के बारे में पूछा। उन्होंने रोहित शर्मा का एक पुराना वीडियो दिखाया, जिसमें रोहित शर्मा युवराज से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बता रहे थे। यह वीडियो देखकर सब हंस पड़े। वीडियो में रोहित ने कहा, 'जब मैं पहली बार क्रिकेट बस में बैठा, तो मुझे नहीं पता था कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए सीटें तय होती हैं। मैं गलती से युवराज सिंह की सीट पर बैठ गया और उसने मुझे जो घूरकर देखा, वो क्या था! उसके बाद मैं कभी वहां नहीं बैठा।'



# एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आए सिद्धांत और मृणाल...

**मुंबई।** फिल्म 'दो दीवाने सहर में'का रोमांटिक टीजर रिलीज हो चुका है। इसके टीजर में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की लव केमिस्ट्री देखने को मिली। संजय लीला भंसाली के भंसाली प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज के बैनर तले बनी यह फिल्म इस वैलेंटाइन वीक पर रिलीज होगी। टीजर में मेकर्स ने दावा किया है कि इस बार प्यार के मौसम में इस 'इस्क' से 'इस्क' हो जाएगा। 'मॉम' जैसी फिल्म बना चुके निर्देशक रवि उदयावर ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'दो दीवाने सहर' के टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में बज रहे फिल्म 'घरौंदा' के मशहूर गाने 'दो दीवाने शहर में' से होता है। इसलिए, यह थोड़ा अनोखा है। टीजर की शुरुआत में मृणाल और सिद्धांत रोमांटिक अंदाज में नजर आते हैं, लेकिन टीजर के आखिर के कुछ सेकेंड में यह प्रेम कहानी दर्द के एहसास में बदलती दिखाई देती है। करीब 1 मिनट के टीजर में इसमें प्यार और दर्द दोनों को दिखाया गया है। निर्माताओं ने आज 'दो दीवाने सहर में' का टीजर शेयर किया। टीजर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'क्योंकि हर 'इस्क' परफेक्ट नहीं होता, पर काफी होता है। इस शहर की एक ऐसी ही अधूरी लेकिन पूरी प्रेम कहानी के साक्षी बनिए।' 'दो दीवाने सहर में' को अभिरुचि चंद ने लिखा और रवि उदयवार ने निर्देशित किया है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्माण संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने जी स्टूडियोज, रैनकॉर्प मीडिया और भंसाली प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह फिल्म 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।



# पूरे वीक होगा महा मनोरंजन, थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई फिल्में और सीरीज...

**नई दिल्ली।** सोमवार 19 जनवरी से नए सप्ताह की शुरुआत हो गई है। इस वीक कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज होंगी, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा 'बॉर्डर 2' की हो रही है। मगर, ओटीटी पर भी काफी कुछ खास आने वाला है। कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी। हम आपके लिए 19 से लेकर 25 जनवरी तक रिलीज होने वाले लेटेस्ट थ्रिलर की लिस्ट लेकर आए हैं, जिन्हें आप सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक आसानी से देख सकते हैं।



**गुस्ताख इश्क** : विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 'गुस्ताख इश्क' 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म का निर्देशन विभु पुरी ने किया है। इसमें नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी जैसे सितारे भी हैं।

**तेरे इश्क में** : कृति सेनन और धनुष अभिनीत फिल्म 'तेरे इश्क में' बीते वर्ष नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। अब इस सप्ताह यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। 'तेरे इश्क में' 23 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में प्रकाश राज, प्रियांशु पैन्युली और तोता रॉय चौधरी जैसे सितारे हैं।

**मार्क** : कन्नड़ फिल्म मार्क भी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुई थी। वहीं, अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। इस फिल्म में किच्चा सुदीप का लीड रोल है। उनके अलावा शाइन टॉम चाको, नवीन चन्द्र, विक्रांत और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

**स्पेस जेन : चन्द्रयान** - यह स्पेस साइंस ड्रामा सीरीज भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज के क्रिएटर अरुणाभ कुमार हैं। इसमें श्रिया सरन, गोपाल दत्त, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और दानिश सैत जैसे सितारे हैं।

**सिराई और इट्स नॉट लाइक दैट** : इसके अलावा तमिल क्राइम कोर्टरूम ड्रामा फिल्म भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में है। 23 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी। वहीं अमेरिकी ड्रामा सीरीज 'इट्स नॉट लाइक दैट' की भी काफी चर्चा हो रही है, जो 25 जनवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

## गुडलुक्स पर लड़कियां थीं फिदा, खून भरी मांग रही कॅरियर की यादगार फिल्म

# 80 के दशक में दर्शकों का दिल जीतने वाला विलेन

*__नई दिल्ली।__ 70 और 80 के दशक में कई स्टार्स ऐसे आए जिन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और ये पहचान सिर्फ हिंदी सिनेमा तक ही सीमित नहीं रही बल्कि ये पहचान इंटरनेशनल लेवल तक गई। आज हम आपको एक ऐसे एक्टर की कहानी बताएंगे जो पर्दे पर हीरो बना तो विलेन बनकर भी उसने लोगों का दिल जीता। उसके गुडलुक्स पर लड़कियां फिदा थीं और यही वजह है कि निजी जीवन में उस एक्टर ने 4 बार शादियां कीं।*



### फिल्मों में आकर छा गए

16 जनवरी 1946 को पंजाब में हुआ था। कबीर बेदी को शुरू से ही एक्टर और मॉडल बनने का शौक था। लंबी कद-काठी वाले कबीर बेदी धीरे-धीरे मॉडलिंग की तरफ बढ़े और फिर हिंदी सिनेमा में आ गए। मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम करते-करते कबीर बेदी को साल 1971 में पहली फिल्म हलचल में काम करने का मौका मिला और ये उनकी डेब्यू फिल्म बनी। इसके बाद वो साल 1973 में फिल्म कच्चे धागे में नजर आए और इस फिल्म से हिट हो गए। इस फिल्म के बाद वो कई फिल्मों में नजर आए। हालांकि ज्यादातर फिल्मों में वो विलेन बनकर ही दिखे। साल 1988 में रेखा के साथ आई फिल्म खून भरी मांग उनके कॅरियर की यादगार फिल्म रही है।

### हॉलीवुड में भी बनाई पहचान

कबीर बेदी सिर्फ हिंदी सिनेमा तक सीमित नहीं रहे। उनके लुक्स के चलते उन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया। इटली की टीवी सीरीज 'सैंडोकन' में भी उन्होंने काम किया। इस टीवी शो में वो समुद्री डाकू के किरदार में नजर आए। ये शो पूरे यूरोप में इतना हिट हुआ कि कबीर बेदी वहां के 'नेशनल हीरो' तक बन गए। इटली की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से भी नवाजा। इसके अलावा उन्होंने जेम्स बॉन्ड के साथ भी काम किया। साल 1983 में वो बॉन्ड सीरीज का हिस्सा बने। इस फिल्म में उनके और रॉजर मूर (**Roger Moore**) के फाइट सीन्स की खूब चर्चा हुई। कबीर बेदी ऐसे पहले भारतीय थे जिन्होंने जेम्स बॉन्ड फिल्म में मेन विलेन 'गोबिंदा' का किरदार निभाने का मौका मिला था।



### 70 साल की उम्र में चौथी बार बने दूल्हा

तीन शादियां और एक गर्लफ्रेंड से रिश्ता टूटने के बाद कबीर बेदी की जिंदगी में दस्तक दी परवीन दुसांझ ने। परवीन और कबीर बेदी लंबे समय तक दोस्त रहे लेकिन अपने 70वें जन्मदिन से पहले कबीर ने परवीन दुसांझ को अपना हमसफर बना लिया और दोनों की इस शादी ने इंटरनेट पर खूब चर्चा बटोरी। बड़ी बात ये है कि कबीर से परवीन दुसांझ पूरे 30 साल छोटी हैं। जब परवीन और कबीर बेदी की शादी हुई तब परवीन की उम्र 45 वर्ष की थी। दोनों शादी से पहले करीब 10 साल तक रिलेशनशिप में रहे और फिर दोनों ने साल 2016 में शादी करके सबको चौंका दिया। कबीर बेटी की बेटी पूजा बेदी से भी उनकी चौथी बीवी छोटी हैं।

**3 बीवियों से हुए अलग, परवीन बाबी से जुड़ा नाम** : कबीर बेदी प्रोफेशनल से ज्यादा पर्सनल लाइफ के लिए चर्चा में रहे। साल 1969 में कबीर बेदी ने पहली शादी डांसर प्रोतिमा बेदी से की थी। इस शादी से दोनों को दो बच्चे पूजा बेदी और बेटा सिद्धार्थ हुए। इस शादी के कुछ वक्त बाद ही दोनों अलग हो गए। इसके बाद कबीर और प्रोतिमा के बेटे सिद्धार्थ ने खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद प्रोतिमा भी एक हादसे में चल बसीं। इसके बाद कबीर बेदी का नाम एक्ट्रेस परवीन बाबी के साथ भी जुड़ा। हालांकि ये रिश्ता भी ज्यादा दिन नहीं चला। इसके बाद कबीर ने ब्रिटिश फैशन डिजाइनर सुसैन हम्फ्रेस से शादी कर ली। दोनों का एक बेटा भी हुआ, हालांकि ये शादी भी टूट गई। तीसरी शादी कबीर बेदी ने टीवी प्रेजेंटर निक्की से की।

## खबर संक्षेप

### मानिक प्रकाशपुर में हुई आयुर्वेद संघ की जिला स्तरीय बैठक

**धौरपुर।** आयुर्वेद वैद्य संघ की जिला स्तरीय बैठक मानिक प्रकाशपुर में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 200 से अधिक



आयुर्वेद वैद्यों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ आयुर्वेद वैद्यों को एकजुट कर लोगों को सुलभ और प्रभावी आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से लुंड्रा क्षेत्र के उमरडीह निवासी सुरेश कुमार सोनी को आयुर्वेद वैद्य संघ का जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं लखनपुर निवासी सागर दास को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी पिछले 20 वर्षों से जड़ी-बूटियों के माध्यम से विभिन्न रोगों का सफल उपचार कर रहे हैं और क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान है। इस अवसर पर सुरेश कुमार सोनी ने कहा कि जिले के जंगलों में आयुर्वेदिक औषधियों का अपार भंडार मौजूद है, जिनके माध्यम से गंभीर से गंभीर बीमारियों का भी प्रभावी इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक दवाओं का सही तरीके से उपयोग करने से शरीर पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं होता, जबकि कई बार एलोपैथिक दवाओं से अन्य समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। बैठक में वैद्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### हृदय रोग से पीड़ित बच्ची का हुआ सफल उपचार, बच्ची से मिलने पहुंचे सीएमएचओ

**सूरजपुर।** सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा विकासखंड प्रेमनगर के ग्राम नवापारा कला में हृदय रोग से पीड़ित बच्ची



आल्या आ. धन साय के निवास पर गृह भ्रमण किया गया। उल्लेखनीय है कि बच्ची का सफल निःशुल्क ऑपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर में कराया गया था। गृह भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा बच्ची का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा परिजन से बच्ची के वर्तमान स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। जांच में बच्ची पूर्णतः स्वस्थ पाई गई। उपचार से संतुष्ट परिजन संतुष्ट नजर आए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल से जिले के जरूरतमंद बच्चों को समय पर उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल रही है, जिससे उनके जीवन को नई दिशा मिल रही है।

### ग्राम पंचायत नैनपुर से की गई मनरेगा बचाओ अभियान की शुरुआत



**सूरजपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 'मनरेगा बचाओ' अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत नैनपुर से की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को मनरेगा के तहत उनके रोजगार के अधिकारों के प्रति जागरूक करना और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना है। ब्लॉक अध्यक्ष जफर हैदर, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, मुस्तफा खान और मंडल के सभी पदाधिकारी सक्रिय है।

### मंदिर के दान पेटी से पैसे चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** मंदिर के दान पेटी का ताला तोड़ कर रुपए पार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से



उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक केतका रोड़ निवासी अवधेश गोयल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 21 दिसंबर की सुबह गायत्री मंदिर के पुजारी ने फोन कर कर बताया कि रात्रि में मंदिर के पीछे का दरवाजा एवं दान पेटी का ताला तोड़ कर करीब 5 हजार रूपये को चोर चोरी कर ले गया है।

**आम सूचना**

समक्ष :- श्रीमान नोटरी महोदय, बैकुन्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.
वास्ते पेश करने :- **D.K.S. PARISAR RAIPUR (C.G.)**

// शपथ पत्र //

मैं अजय कुमार सिंह आ. ठाकुर प्रसाद सिंह उम्र- 30 वर्ष, जाति- गोड़, निवासी ग्राम- कचहरीपारा बैकुण्ठपुर थाना व तह. बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूँ :-

1. यह कि, मैं वर्ष 2018 में **MPW (Multi Purpose Helth Worker Male) Govt. MPW Male Training Center Ambikapur (C.G.)** से उत्तीर्ण किया हूँ।
2. यह कि, मुझे **MPW** की अंकसूची प्रदान किया गया था जो कहीं गुम गया है और काफी प्रयास के बाद भी प्राप्त नहीं हो सका है और न ही प्राप्त होने की सम्भावना है।
3. यह कि, मुझे **MPW** की द्वितीय प्रति अंकसूची की निन्तात आवश्यकता है जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

हस्ता. शपथकर्ता.

//सत्यापन //

मैं अजय कुमार सिंह आ. ठाकुर प्रसाद सिंह उम्र-30 वर्ष यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त दर्शित शपथ पत्र की कण्डिका क्र. 1 से 3 तक के कथन मेरी स्वतः की जानकारी से सही एवं सत्य है।

आज दिनांक 12/01/2026 को स्थान बैकुन्ठपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की

हस्ता. शपथकर्ता.

## एक घंटे तक प्रभावित रहा आवागमन, समझाइश के बाद शांत हुआ मामला

# टोकन नहीं कटने से फिर भड़का किसानों का आक्रोश, किया राष्ट्रीय राजमार्ग जाम



एनएच पर विरोध प्रदशन करते किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

धान खरीदी के अंतिम दौर में टोकन नहीं कटने से नाराज किसानों का आक्रोश भड़क उठा। लगातार आश्वासन मिलने के बाद भी वयवस्था में सुधार नहीं होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को तीसरी बार आन्दोलन किया। इस दौरान किसानों ने सुबह 10.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर स्थित धान खरीदी केंद्र के सामने चक्का जाम कर दिया। इस चक्का जाम और आन्दोलन से आवागमन ठप हो गया। आन्दोलन के कारण लगभग एक घटने एनएच पर यातायात प्रभावित रहा। धरना प्रदर्शन और चक्का जाम करने वाले किसानों का कहना है कि समितियों में लिमिट नहीं बढ़ने से किसानों टोकन नहीं कट पा रहे है। 12 जनवरी को तहसीलदार कावेरी मुखर्जी से हुई चर्चा में खरीदी की लिमिट बढ़ाने पर टोकन समस्या समाप्त होने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद किसानों ने खरीदी केंद्र के पंजी में अपने नाम दर्ज कराए लेकिन लिमिट बढ़ने के बावजूद पंजी में दर्ज किसानों के टोकन क्रमवार नहीं कट पाए, जिससे उनमें आक्रोश व्याप्त हो गया। मौके पर पहुंचीं तहसीलदार कावेरी मुखर्जी ने बताया कि राजपुर धान खरीदी केंद्र की लिमिट बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर पुनः प्रस्ताव भेजा जा रहा है। वहीं, राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया कि पंजी में दर्ज किसानों के टोकन क्रमवार काटे जाएंगे तथा धान खरीदी केंद्र में सहयोग के लिए पुलिस प्रतिनिधि की तैनाती की जाएगी। प्रशासनिक आश्वासन के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त किया। किसानों ने स्पष्ट कहा कि यदि समय पर धान की खरीदी नहीं होती है तो उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार उनका धान खरीदे या फिर उनका कर्ज माफ किया जाए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी 19 दिसंबर को चक्का जाम तथा 5 जनवरी को किसानों द्वारा एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जा चुका है। चक्का जाम की सूचना पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज तिवारी भी मौके पर पहुंचे और किसानों के आंदोलन को समर्थन दिया।

**खास बात**

- धान नहीं बिकने पर तीसरी बार किया आंदोलन

### किया जाएगा निराकरण

इस सप्ताह का टोकन कट चुका है, 27 और 28 जनवरी का टोकन नहीं कट पा रहा है इस कारण उन्हें समस्या हो रही है। उक्त संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है जिसका निराकरण एक-दो दिवस में कर लिया जाएगा। प्रयास कर रहे हैं बच्चे सभी किसानों का समस्या का समाधान हो जाएगा।

-**कावेरी मुखर्जी**, तहसीलदार राजपुर

## धान खरीदी बंद होने पर कांग्रेसियों ने कुंदीकला में मचाया हंगामा

**धौरपुर।** धान उपार्जन केंद्र कुंदीकला में संग्रहित धान के सत्यापन में मिली कमी के बाद प्रशासनिक टीम द्वारा उपार्जन केंद्र को सील करने के विरूद्ध कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा मचाया। प्रदर्शनकारियों ने संग्रहण केंद्र को सील करने से धान खरीदी बंद होने एवं टोकन के लिए किसानों के लगातार भटकने के मुद्दे पर प्रशासन पर किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया तथा तत्काल धान खरीदी प्रारम्भ कराने की मांग की।

चार दिन पूर्व जिला प्रशासन की प्रशासनिक टीम ने नायब तहसीलदार निखिल श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपार्जन केन्द्र कुंदी कला में खरीदे गए धान का सत्यापन किया। सत्यापन में 8500 बोरी कम धान होने की बात कह उपार्जन केंद्र को सील कर दिया गया। टीम द्वारा उपार्जन केन्द्र को सील करने से धान खरीदी बंद हो गई है तथा किसान टोकन के लिए भटक रहे हैं। किसानों की समस्याओं के विरोध में युकां के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया तथा तत्काल धान खरीदी प्रारम्भ करने की मांग की। सूचना पर पहुंची तहसीलदार ने कार्यकर्ताओं को शांत कराया एवं धान खरीदी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान युकाइयों ने प्रशासनिक टीम पर उपार्जित धान का सत्यापन किसी के दबाव में करने एवं सभी स्टेक की गिनती में कम धान मिलने का मनगढ़ंत आंकड़ा तैयार करने का आरोप लगाया तथा पुनः सभी स्टेक के बोरियों की गणना कराने की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया नायब तहसीलदार द्वारा भौतिक सत्यापन में 8500 बोरी धान कम मिलने की बात कही थी जबकि जिला स्तरीय टीम ने धान बोरियों की गणना की तो 4101 बोरी कम होने की जानकारी दी। तीसरे स्टेक की बोरियों की गिनती में खाद्य निरीक्षक द्वारा गलती की गई है। प्रशासन द्वारा खरीदे गए संपूर्ण धान बोरियों की गणना पुनः ठीक तरीके से कराना चाहिए। धरना-प्रदर्शन उपरांत प्रशासनिक अमले ने तत्काल धान खरीदी प्रारम्भ कराई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, विष्णु यादव, अभय तिवारी, बालिक राम, रामू साय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

- तहसीलदार ने शुरू कराई धान खरीदी



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## ग्राम केशवनगर में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्राम केशवनगर में निर्मित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समन्वय से सुचारू संचालन प्रारंभ कर दिया गया है,इस पहल के तहत नगर पंचायत बिश्रामपुर के डी-स्लज वाहन के माध्यम से ग्राम पंचायत क्षेत्र के सेप्टिक टैंकों की डी स्लजिंग की जा रही है,एकत्रित मलिय कीचड़ को केशवनगर स्थित एफएसटीपी प्लांट में वैज्ञानिक एवं सुरक्षित उपचार प्रक्रिया से गुजारकर उसका पर्यावरण अनुकूल निपटान किया जा रहा है,इस व्यवस्था से पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी,मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहेगी,भू-जल प्रदूषण से बचाव होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा,संयंत्र के क्रियाशील होने से जिले में मलिय कीचड़ प्रबंधन को एक नई दिशा मिली है,इस उद्देश्य से ग्राम पंचायत क्षेत्रों में नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं,साथ ही निकटवर्ती नगरीय निकायों के डी-स्लज वाहन चालकों के मोबाइल नंबर पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित कराए जा रहे हैं,ताकि आवश्यकता पड़ने पर नागरिक आसानी से संपर्क कर सकें,इस कार्य में नगर पंचायत बिश्रामपुर के सीएमओ एवं नगर पालिका सूरजपुर का सहयोग प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में जिले की सभी 6 नगरीय निकायों से उपलब्ध डी-स्लज वाहनों हेतु अनुबंध किया जा चुका है,जिससे जिले में फीकल स्लज प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

## अजजा आयोग के पूर्व और आदिवासी नेता डॉ. भूरिया को करना पड़ा विरोध का सामना

**अंबिकापुर।** हसदेव अरण्य को बचाने के लिए चलाए जा रहे संघर्ष के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। फर्जी ग्राम सभा और अवैध उत्खनन को लेकर प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों से मिलने जा रहे अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह व आदिवासी कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया को लोगों ने रोक दिया। इस दौरान खदान समर्थकों और भानु प्रताप सिंह के बीच जमकर बहस भी हुई और माहौल तनाव पूर्ण हो गया।

वरिष्ठ नेताओं का विरोध कर रहे खदान समर्थकों ने कहा कि जब खदान खुद रही थी तब आप कहां थे। जब हमने स्वेच्छा से अपनी जमीन खदान के लिए दे दी और नौकरी कर रहे हैं तो आप विरोध करने आए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि राजनीति के लिए ग्रामीणों का इस्तेमाल ना किया जाए और गांव में राजनैतिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोगों ने भानु प्रताप सिंह पर गांव का माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाने के साथ ही जमकर नारेबाजी की। दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बढने पर पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। बता दें कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोल परियोजना के विस्तार और खदान खोले जाने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता डॉ. विक्रांत भूरिया प्रभावित ग्राम हरिहरपुर पहुंचे थे जहां उनके साथ अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, सूरजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती शशि सिंह सहित अन्य नेता भी प्रभावित गांव गए थे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं को कोयला खदान के समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा। कोल परियोजना समर्थक और खदान मे काम करने वाले कर्मचारी महिला पुरुष लगभग 50 की संख्या में सुबह से ही सालही मोड़ पर एकत्रित हो गए और बाहर से आने जाने वाले लोगों को रोकना प्रारम्भ कर दिया। दोपहर 12 बजे करीब भानु प्रताप सिंह जब मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में तीखी बहस हो गई। खदान समर्थकों और जनप्रतिनिधियों के बीच विवाद और बहस का एक वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें काफी तनाव नजर आ रहा है। हालांकि इस दौरान पुलिस की टीम भी मौजूद थी। पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया जिसके बाद जिसके बाद सभी ग्राम हरिहरपुर पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने खदान प्रभावितों से मुलाकात करने के साथ ही विरोध प्रदर्शन भी किया। इस दौरान वरिष्ठ आदिवासी नेता डॉ. भूरिया ने कहा कि आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ा है। हसदेव अरण्य क्षेत्र में खनन के नाम पर स्थानीय ग्राम सभाओं की सहमति को दरकिनार किया जा रहा है, जो संवैधानिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। इस पूरे मामले को विधानसभा और संसद में प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि पूरा देश हसदेव का सच जाने।



हरिहरपुर में खदान समर्थकों ने गांव में घुसने से रोका, दोनों पक्षों के बीच जमकर हुई बहस

## आधार कार्ड फुटबॉल प्रतियोगिता में शिवसागरपुर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा



ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोनगरा मिनी स्टेडियम में आधार कार्ड फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेल, संस्कृति और जनभागीदारी का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शिवसागरपुर एवं सेंधोंपारा की मजबूत टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला।

दोनों ही टीमों ने शुरू से अंत तक आक्रामक एवं संतुलित खेल का प्रदर्शन किया। निर्धारित समय तक कोई भी टीम निर्णायक बढ़त नहीं बना सकी और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके पश्चात पेनाल्टी शूटआउट के माध्यम से विजेता का निर्णय किया गया। पेनल्टी शूटआउट में शिवसागरपुर की टीम ने अपने चारों अवसरों को गोल में तब्दील किया, जबकि सेंधोंपारा की टीम एक ही गोल कर सकी। इस प्रकार शिवसागरपुर ने 4–1 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शिवसागरपुर टीम के गोलकीपर मधुसूदन को प्रदान किया गया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए सेंधोंपारा टीम के खिलाड़ी राजाराम को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार ग्राम पंचायत सोनगरा सरपंच कृष्णा सिंह ने प्रदान किया। विजेता टीम को 8 हजार रुपए एवं उपविजेता टीम को 4 हजार रुपए व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मैच को निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने में रेफरी ललित, भागवत सिंह, रूपेश एवं बिट्टू की अहम भूमिका रही। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य राजेश पोर्ते, शिवनंदन पैकरा, सरपंच कृष्णा सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, बालेश्वर सिंह, विजय सोनी, राकेश राजवाड़े, सोमारसाय सिंह, गोवर्धन सिंह मरकाम, अनुराग द्विवेदी, पारस सिंह, पीतांबरी पैकरा, शिवशंकर सिंह, श्यामाचरण, राम सिंह, पवन बरगाह, सुखदेव, पवन राम, बईगा मुन्ना सिंह, विनोद सिंह, मूलधर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग कायम

**बलरामपुर।** युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम जमुआटांड निवासी 26 वर्षीय मंजय सिंह आ. अहिबरन सिंह ने 19 जनवरी की रात लगभग 9 बजे अपने घर में ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन ने युवक का शव फांसी पर लटके देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद मंगलवार को पुलिस ने पंचनामा व पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग कायम कर घटना की जांच चल रही है। फिलहाल युवक की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिजन का कहना है कि युवक के शादी की चर्चा चल रही थी और शादी संबधित मामलों को लेकर ही युवक अवसाद में था।

### जनपद अध्यक्ष ने मितानिनों को शाल श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित

**लखनपुर।** ग्राम अमदला में मितानिन दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि कला विक्रम सिंह, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह ,सरपंच ज्योति सिंह, तुरना सरपंच भावना सिंह सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। जनपद अध्यक्ष ने उपस्थित मितानिनों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की साथ ही क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक मितानिनों को शाल श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान पंचायत सचिव सतनारायण सिंह, मितानिन अनीता, सुमित्रा सहित मितानिन उपस्थित रहे।



## नितिन नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सरगुजा में जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नितिन नबीन के निर्विरोध भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर सरगुजा के कार्यकर्ताओं में उल्लास का माहौल है। घड़ी चौक पर भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी एवं जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के साथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। इस दौरान प्रदेश महामंत्री श्री सोनी ने कहा कि नितिन नबीन के निर्विरोध अध्यक्ष चयन कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जहां एक सामान्य कार्यकर्ता संगठन के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। हम सबके साथ कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने वाले नितिन नबीन इसके उदाहरण है। जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है। यह चयन संगठन की लोकतांत्रिक और कार्यकर्ता प्रधान परंपरा को सशक्त करता है। उनके नेतृत्व में भाजपा राष्ट्र निर्माण के अपने संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया। इस दौरान हरपाल सिंह भामरा, महापौर मंजूषा भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, प्रदेश महामंत्री फूलेश्वरी सिंह, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, अम्बिकेश केशरी, हरमिंदर सिंह टिन्नी, अभिमन्यु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कामगारों को लेकर लौट रही ड्यूटी बस को नशेड़ी युवकों ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव कोल खदान से जनरल शिफ्ट के कामगारों को लेकर लौट रही एसईसीएल की अनुबंधित बस को रोककर कुछ नशेड़ी युवकों द्वारा गाड़ी चालक व कोल कामगारों के साथ गाली-गलौज एवं धमकी देने का मामला सामने आया है, घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद क्षेत्रीय प्रबंधन ने संज्ञान लेते हुए सुरक्षा अमले को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं,

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार 19 जनवरी को दोपहर करीब 3:30 बजे की है,आमगांव कोल खदान से जनरल शिफ्ट के मजदूरों को लेकर बस बिश्रामपुर की ओर लौट रही थी,इसी दौरान कुछ नशेड़ी युवकों ने बस को रुकवाने का प्रयास किया,चालक द्वारा बस नहीं रोके जाने पर युवक बाइक से पीछा करते हुए मानी चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास बस के सामने बाइक अड़ाकर उसे जबरन रोक लिया, इसके बाद नशे में धुत्त युवकों ने बस चालक से गाली-गलौज करते हुए उसे धमकाना शुरू कर दिया,जब बस में सवार कोल कामगारों ने इसका विरोध किया तो युवकों ने उनके साथ भी बदतमीजी करते हुए जमकर गाली-गलौज की,जिससे मौके पर हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई,घटना के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया गया, जो अब कि वायरल हो रहा है।वीडियो सामने आने के बाद एसईसीएल प्रबंधन ने तत्काल क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए।

- घटना का विडिओ हुआ वायरल

## पूरक परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट जांजगीर-चांपा जिले के छात्रों ने किया यूनवर्सिटी का घेराव

**रायगढ़।** शहीद नंदकुमार विश्व विद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में हाल में पूरक परीक्षा आयोजित की गई थीं। इन परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद जांजगीर-चांपा जिले के दर्जनों छात्रों का आरोप है कि उन्हें मुख्य परीक्षा में फेल कर दिया गया और पूरक परीक्षा में भी उनके उत्तर पुस्तिकाओं का सही मूल्यांकन नहीं किया गया। जिससे नाराज दर्जनों छात्रों ने यूनवर्सिटी का घेराव कर दिया। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रही। छात्रों ने उत्तर पुस्तिकाओं के छायाप्रति की मांग की है, जिस पर यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने उन्हें 7 दिन का समय मांगा है। बीते दिनों जांजगीर-चांपा जिले के छात्रों ने शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी पहुंच कर रिव्यू की मांग की थी और सूचना के अधिकार के तहत अपने उत्तर पुस्तिकाओं के छायाप्रति भी मांगी थी, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी विश्व विद्यालय ने उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की कॉपी नहीं दी। वहीं अलग-अलग कारण बता कर छात्रों को गुमराह किया गया। इस नाराजगी में एमएमआ कॉलेज, टीसीआर कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज बलौछा समेत कई कॉलेजों के छात्र बड़ी संख्या में विश्व विद्यालय पहुंचे और जांजगीर-चांपा जिले के एनएसयूआई और विधानसभा अध्यक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी का घेराव कर दिया। इसके बाद छात्रों ने तत्काल उत्तर पुस्तिकाओं के छायाप्रति की मांग की। छात्रों ने कहा कि विश्व विद्यालय पर उनका भरोसा टूट गया है। आश्वासन देने के बावजूद उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया।

**आवश्यकता है**

स्वयंसेवी संस्था सरगुजा सेवा उन्नति संस्था को छत्तीसगढ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर की टी आई परियोजना अंतर्गत कोरिया जिले में कार्य करने हेतु निम्नांकित पद की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र. | पद का नाम | योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | ओ.आर.डब्लु पद संख्या-2 मानदेय प्रतिमाह 10500 यात्रा भत्ता-1500 | इस पद हेतु उम्मीदवार 12th पास होना अनिवार्य है, साथ ही उसे स्थानीय भाषा का ज्ञान हो। |


नोट :-01, अपना बायोडाटा परियोजना कार्यालय में या ssus.ti.korea@gmail.com के माध्यम से जमा करें। 02. लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार दिनांक 30.01.2026 सुबह 11 बजे से। 03. साक्षात्कार के समय पर भी अपना बायोडाटा लेकर आ सकते है।

संपर्क करें :-
**सरगुजा सेवा उन्नति संस्था**
शगुन गार्डन, शुकला पेट्रोल पंप के पास अम्बीकापुर रोड, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छ.ग. 497335 मो. 08770329959 7000588455, 07999792660
ईमेल - ssus.ti.korea@gmail.com

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### कुएं का निर्माण कार्य शुरु कराने पार्षद ने की मांग



बैकुण्ठपुर। नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर द्वारा शहर क्षेत्र में विभिन्न कुओं का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 17 में भी पुराने कुएं का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है, इस पर रोक लगाए जाने की शिकायत वार्ड पार्षद द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर मरम्मत कार्य सुचारू रुप से जारी रखने की मांग की है। वार्ड पार्षद श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने कलेक्टर को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि वार्ड 17 में नपा द्वारा बाबू कालोनी में स्थित पुराने कुएं का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाने पर कुएं के पानी का उपयोग वार्डवासियों द्वारा किया जाएगा।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गांव-गांव पहुंचे कांग्रेसी



बैकुण्ठपुर। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव व छग प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी की उपस्थिति एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के कोरिया जिला अध्यक्ष गणेश राजवाडेके नेतृत्व में 18,19 एवं 20 जनवरी को जिले के सोनहत व बैकुंठपुर विकासखंड में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मजदूरों को मनरेगा का नाम बदलने के बाद बदली स्थिति को लेकर मनरेगा मजदूरों से संवाद कर उन्हें वास्तविकता से परिचित कराया गया। विकासखंड़ बैकुंठपुर के ग्राम फूलपुर, मुरमा,जमगहना तथा सोनहत विकासखंड के ग्राम कुशमहा,काचरडॉड एवं घुघरा में मनरेगा कार्य स्थल पर जाकर मजदूरों को पर्चा वितरण कर सीधा संवाद किया गया।

### कलेक्टर जनदर्शन में 15 आवेदन

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए।

### ग्रामसभा 23 को, कई विषयों पर होगी चर्चा

मनेन्द्रगढ़। छग शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पत्र 24 मार्च 2008 के निर्देशानुसार 23 जनवरी, 14 अप्रैल, 20 अगस्त एवं 2 अक्टूबर को ग्रामसभा की निर्धारित तिथियों के साथ-साथ प्रतिवर्ष जून एवं नवंबर माह में भी सुविधाजनक तिथियों में ग्रामसभा का आयोजन किया जाना है। इन निर्देशों के पालन में 23 जनवरी को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत मुख्यालयों एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्रामसभा आयोजन के लिए पूर्व से समय-सारिणी तैयार करने तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष दायित्व सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। 23 जनवरी को आयोजित ग्रामसभा में शासन द्वारा निर्धारित 15 प्रमुख विषयों पर विशेष चर्चा की जाएगी, जिससे ग्राम स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनभागीदारी को सुदृढ़ किया जा सके। ग्रामसभा में पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन की स्थिति का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

### हेलमेट व यातायात नियमों को लेकर किया गया जागरूक

# सड़क सुरक्षा साप्ताह : बड़ा बाजार में नुक्कड़ सभा

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल





सड़क सुरक्षा जागरूकता साप्ताह के अंतर्गत 20 जनवरी को साप्ताहिक बाजार बड़ा बाजार में केबी पटेल ग्रुप ऑफ कॉलेज एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात नियमों के तहत राहवीर योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता कर उनकी जान बचाने वाले नागरिकों को सरकारी स्तर पर पुरस्कृत करना है। साप्ताहिक बाजार होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में लोगों ने इस जागरूकता कार्यक्रम का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन एवं केबी पटेल कॉलेज की ओर से यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करते हुए वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। वहीं, जो लोग हेलमेट पहनकर वाहन चला रहे थे, उनका गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। इस जन-जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन में केबी पटेल महाविद्यालय के चेयरमैन चंद्रकांत पटेल ने एक बार फिर सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय के शिक्षा विभाग एवं राष्टीय सेवा योजना रासेयो के विद्यार्थियों द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ा बाजार परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन के कागजात एवं लाइसेंस साथ रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ा बाजार थाना प्रभारी विजय सिंह ने राहवीर योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की सहायता करने पर सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि हेलमेट को मजबूरी नहीं, बल्कि जीवन रक्षक साधन समझकर पहनें, जिससे दुर्घटनाओं में जनहानि से बचा जा सके। इस जागरूकता कार्यक्रम में दूर-दराज के गांवों से आए लोगों को भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के डायरेक्टर विश्वजीत बारिक ने की। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के प्राध्यापक दिनेश चंद्रा, कपिल देव, सलीमा किंडो सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मनेन्द्रगढ़ में बनेगा मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़




चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा 16 जनवरी को जारी आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि अब मनेन्द्रगढ़ को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस पहल शुरू हो चुकी है।

जारी आदेश के अनुसार भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (एनएमसी) के मानकों को पूर्ण करने के उद्देश्य से मनेन्द्रगढ़ मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए संबंधित चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य संस्थानों का प्रशासनिक नियंत्रण संचालनालय चिकित्सा शिक्षा को सौंपे जाने की स्वीकृति दी गई है। यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक मेडिकल कॉलेज के लिए स्वीकृत सेटअप अंतर्गत भवन, उपकरण, पदों की स्वीकृति एवं चिकित्सकों तथा कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती। यह निर्णय शासन की दूरदर्शिता और गंभीर मंशा को दशार्ता है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के लिए 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल, जिले के अंतर्गत 1 शहरी एवं 1 ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र को वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में संबद्ध किया गया है, इससे मेडिकल कॉलेज से जुड़ी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ आम नागरिकों को बेहतर और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। यह आदेश छग के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर सचिव सोनचंद साहू द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर के साथ जारी किया गया है।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए मोतियाबिंद नि:शुल्क शिविर



सोनहत। जनपद सोनहत में वरिष्ठ नागरिकों के लिए मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों में मोतियाबिंद की समस्या की पहचान कर उन्हें नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चिन्हित करना है। 21 जनवरी को जनपद पंचायत सोनहत में आयोजित शिविर में 87 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण हुआ और 37 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सोनहत और सीईओ जनपद पंचायत सोनहत की उपस्थिति में समाज कल्याण विभाग की ओर से 15 वरिष्ठ नागरिकों को छड़ी प्रदान की गई। जिला, जनपद और ग्राम पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जनपद पंचायत और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण, शिविर स्थल पर कुर्सी, टेबल, जल एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को शिविर स्थल तक पहुंचाने और वापस लाने की सुविधा भी प्रदान की गई। आगामी शिविर 22 जनवरी को मानस भवन बैकुंठपुर में आयोजित किया जाएगा।

# शंकराचार्य का अपमान सनातन धर्म का अपमान- प्रदीप




- राजीव भवन में कांग्रेस का प्रेसवार्ता

**बैकुण्ठपुर।** राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय बैकुंठपुर में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि प्रयागराज माघ मेले में जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वररानंद को शाही स्नान से रोके जाने तथा उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार की कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है।

स्वयं को हिंदुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा सरकार आज हिंदू संतों का ही अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात ऐसे हैं कि शंकराचार्य जी को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और वे पिछले 36 घंटों से अनशन पर बैठने को मजबूर हैं, किंतु सरकार की ओर से अब तक उनसे संवाद का कोई प्रयास नहीं किया गया। शंकराचार्य जी का अपमान केवल एक संत का अपमान नहीं, बल्कि सनातन धर्म का अपमान है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक सदियों पुरानी परंपरा है, जिसे न तो मुगलों ने रोका और न ही अंग्रेजों ने, लेकिन भाजपा सरकार ने इस परंपरा को तोड़ने का दुस्साहस किया है।

# जिले की प्रतिभाओं को मिलेगा खेलमंच

## 28 से 3 फरवरी तक होंगी प्रतियोगिताएं

**बैकुण्ठपुर।** सरगुजा संभाग में युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा पहली बार सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक की तर्ज पर आयोजित होने वाले इस खेल महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सरगुजा ओलंपिक का शुभारंभ जनवरी माह में होगा, जिसकी तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मंगलवार को विस्तृत जानकारी दी।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिताएं तीन चरणों में आयोजित की जाएंगी। विकासखंड स्तर पर 28 जनवरी से 3 फरवरी, जिला स्तर पर 5 फरवरी से 10 फरवरी और संभाग स्तर पर 1 मार्च से 3 मार्च के बीच आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय आयोजन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के सीईओ, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, स्वास्थ्य अमले एवं जिला खेल अधिकारियों को समुचित तैयारी, प्रचार-प्रसार, दीवार लेखन एवं ग्राम-वार्ड स्तर पर मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का छग का निवासी होना अनिवार्य है। 14 से 17 वर्ष- बालक- बालिकाएं, 17 वर्ष से अधिक महिला-पुरुष। इस प्रकार 14 वर्ष से अधिक आयु का हर खेल प्रेमी इसमें भाग ले सकता है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि कोरिया जिला आदिवासी बहुल क्षेत्र है। जिले के युवाओं को खेल मंच प्रदान करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं 30 जनवरी को सोनहत मुख्यालय, 31 जनवरी को पोड़ी-बचरा तथा 3 फरवरी को बैकुंठपुर में होगा। सरगुजा ओलंपिक के माध्यम से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और खेल संस्कृति को नई दिशा प्राप्त होगी।

### 12 खेल विधाओं में होंगी प्रतियोगिताए

*व्यक्तिगत खेल-एथलेटिक्स (100, 200, 400 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवेलिन थ्रो, 400 मीटर रिले), तीरंदाजी (इंडियन राउंड), बैडमिंटन, कुश्ती, कराते, दलीय खेल- फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी, बास्केटबॉल शामिल है।*

# श्रीमद् भागवत कथा : श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन



**मनेन्द्रगढ़।** नगर के श्रीराम मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा व्यास श्री बृजनंदन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। जैसे ही बाल गोपाल के जन्म का वर्णन हुआ, मंदिर परिसर शंखनाद, घंटा-घड़ियाल और जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। कथा के दौरान श्री बृजनंदन महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म, अन्याय और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। मथुरा के कारागार में कंस के अत्याचारों के बीच भगवान श्रीकृष्ण का जन्म इस बात का प्रतीक है कि अंधकार कितना भी गहरा क्यों न हो, सत्य और धर्म का उदय अवश्य होता है। उन्होंने माता देवकी और पिता वासुदेव की तपस्या, धैर्य और अटूट विश्वास का मार्मिक वर्णन किया। जैसे ही बालकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। महिलाओं ने भजन-कीर्तन किए, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की और पूरा मंदिर परिसर उत्सव स्थल में बदल गया। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, वहीं वरिष्ठ श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन नजर आए। आयोजन समिति ने बताया कि श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।

# लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पीएम पोर्टल, सीएम जनदर्शन तथा कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार स्थिति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों से सवाल-जवाब किए और कड़ी फटकार लगाई।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को जिले में सुपोषण के स्तर में सुधार के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को वितरित किए जा रहे कोरिया मोदक पौष्टिक लड्डू के वितरण की जानकारी लेते हुए कहा कि कम वजन वाले शिशुओं की जन्मदर को कम करने के लिए यह नवाचार महत्वपूर्ण है, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं एनआरएलएम द्वारा सतत निगरानी कर व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए।

बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित विभागों को प्रदर्शनी की तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल समय पर कराने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन को कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने धान खरीदी प्रक्रिया की भी समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीदी पूर्ण होने में केवल 8-10 दिन शेष हैं, ऐसे में सभी नोडल अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, डीडी मंडावी, एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा अनूसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति सूची जारी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के सहमति से अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की सूची घोषणा की गई, जो निम्नानुसार है। इसमें जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह, समयलाल चेरवा (सहादुर), संतोष सिंह, जगदीश सिंह, जिला महामंत्री कमलेश एक्का, राय सिंह, जिला मंत्री देवलाल चेरवा, छत्रपाल सिंह, विश्वनाथ सिंह, लक्ष्मण नायक, उग्रसेन तिर्की, नंदनी सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अमरसाय, जिला सह कोषाध्यक्ष शिवभजन सिंह, जिला कार्यालय मंत्री अम्मालाल सिंह, सह कार्यालय मंत्री फलेन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रीतम भगत, जिला सह मीडिया प्रभारी टीमल पैकरा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिरदार, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र कुमार को जिला पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह जिला कार्यसमिति सूची में प्रमिला सिंह, अमलू सिरदार, जगदीश सिंह, प्रेम कुमारी, देवराज सिंह, रामविनोद एक्का, दयालसाय भगत, सदन सिंह, आस्ति तिर्की, प्रेम देवी, कलावती, खेल सिंह, अनिल देव, सुरेश पैकरा, पवन सिंह, धनीराम उईके, गोरेलाल चेरवा, जयनंदन, असीम बेल तिर्की, विजय सिंह, आलम साय, झगर साय तिर्की, गायत्री, नहर सिंह, देवेन्द्र चेरवा, हरिहर सिंह, अरविंद सिंह, गौरी सिंह को बनाया गया है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्षों की सूची जारी में बैकुंठपुर मंडल से महेन्द्र चेरवा, चरचा मंडल से लालचंद, सलका मंडल से महेन्द्र पैकरा, कुड़ेली मंडल से लहर साय, पटना मंडल से मंगल सिंह, बचरापोड़ी मंडल से राजेन्द्र सिरदार एवं सोनहत मंडल से मैन प्रताप सिंह को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति सूची

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी के दिशा निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के सहमति से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव ने महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की सूची घोषित की है।

महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संगीता गुप्ता, रेखा वर्मा, लक्ष्मी यादव, जिला महामंत्री पुष्पा राजवाड़े, ममता कुशवाहा, जिला मंत्री लक्ष्मी साहू, बेगमती चिकनजूरी, कृष्णी राजवाड़े, रीना साहू, आंचल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विमला सिंह, सह कोषाध्यक्ष शीला राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री गीता साहू, सह कार्यालय मंत्री पार्वती रजक, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी दास, सह मीडिया प्रभारी सरिता सोनी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपवती सोनपाकर, सह सोशल मीडिया प्रभारी ममता देवनाथ को पदाधिकारी नियुक्त किया गया। इसी क्रम जिला कार्यसमिति सूची में उर्मिला साहू, सोनिया राजवाड़े, सरिता शिवहरे, कल्पना सारथी, शिल्पा शर्मा, गायत्री साहू, अंजू पैकरा, नीतू सिंह, गीता गिरी, सीमा सिंह, शिव कुमारी साहू, आरती काशी, सविता मिश्रा, राज कुमारी सिंह, परमेश्वरी, प्रमिला यादव, सुनिता चरेवा, रेखा चिकनजूरी, लीना शिवहरे, ललिता सोनी, राधा सोनी, दीपा साहू, सुमित्रा पाल, संगीता सोनी को बनाया गया है। स्थाई आमंत्रित सदस्य- अंजली जायसवाल, रमावती राजवाड़े, परमजीत कौर, नूरजहां शेख, मीना पैकरा, धर्मवती राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, मंजू जिवनानी, रेखा सिंह, रेणु सिंह, सुनिता कुर्रे, ओमेश्वरी राजवाड़े, श्यामवती को बनाया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्य में वंदना राजवाड़े, नविता शिवहरे, गायत्री सिंह, शिव कुमारी सोनपाकर, आशादेवी सोनपाकर, गीता राजवाड़े, संगीता सोनवानी, रीमा जायसवाल, ममता गोयन, प्रमिला सिंह, ज्योति देवांगन, शिल्पा गुप्ता, कुंती चक्रधारी, रूची बड़ेरिया, बलजीत कौर को बनाया गया है। इसी तरह महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मतदाता सूची से...

मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी मजबूती से खड़ी है। पूर्व जनपद सदस्य रफीक मेमन लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी, वहीं नेता प्रतिपक्ष अनिल प्रजापति ने प्रशासन से मांग की कि नियम विरूद्ध प्रस्तुत सभी नाम विलोपन आवेदनों को तत्काल निरस्त किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद स्वनिल सिन्हा, अजय जायसवाल, इमरान खान, किरण कुजूर, भावेश जैन, अरूण कटारे, रफीक मेमन, गोपाल गुप्ता, अतिकूर रहमान, गफ्फार पार्षद, पप्पू हुसैन सहित काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने तथा सभी पात्र मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### सब्जी मंडी बदहाली...

नहीं हुई। क्या यह सब पालिका की अनदेखी का परिणाम है या फिर मिलीभगत का संकेत। नगरवासियों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल सभी दुकानों का भौतिक सत्यापन कराए, अवैध सब-लेटिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करे, नालियों से अतिक्रमण हटवाए और सब्जी मंडी को मांस-मछली बिक्री से मुक्त कर स्वच्छ और व्यवस्थित बाजार के रूप में विकसित करे। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह अव्यवस्था आने वाले दिनों में और विकराल रूप ले सकती है।

### विज्ञान आधारित मॉडलों और प्रयोगों की प्रदर्शनी

# साइंस लर्निंग लैब में दिखी छात्रों की वैज्ञानिक प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



कोयलांचल क्षेत्र के चरचा कॉलरी में शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरचा में साइंस लर्निंग लैब का भव्य आयोजन किया गया।

इस आयोजन में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी वीके राय रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में जयनाथ वाजपेयी, बृज गिरी, हाई स्कूल प्राचार्य राम लखन यादव, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक सुंदर सिंह, पीएम श्री संकुल समन्वयक राजेन्द्र मंडल तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य ब्रिजेन्द्र मानिकपुरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान आधारित मॉडलों और प्रयोगों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें प्राथमिक कक्षा से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साइंस लर्निंग लैब में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, सोलर एनर्जी, स्मार्ट सिटी मॉडल, स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण नियंत्रण, विद्युत उत्पादन, रोबोटिक्स, विज्ञान आधारित खेल एवं दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता पर आधारित अनेक आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने स्वयं अपने प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली समझाते हुए वैज्ञानिक सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी वीके राय ने प्रत्येक स्टॉल पर पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी सोच व प्रस्तुति की प्रशंसा की।

